25.11.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

- संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के समय का उपयोग भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और सम्मान बढ़ाने के लिए किये जाने पर बल दिया।
- 75 वां संविधान दिवस कल समारोहपूर्वक मनाया जायेगा।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।
- जयपुर के एक व्यक्ति में जीका वायरस की पुष्टि के बाद चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावी रोकथाम और नियंत्रण के निर्देश दिए।

000

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हुआ। ये सत्र 20 दिसम्बर तक चलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्र से पहले मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह सत्र संविधान पारित होने के 75 वर्ष सहित कई कारणों से विशेष रहेगा। श्री मोदी ने कहा कि यह सत्र लोकतंत्र के लिए गरिमापूर्ण ऐतिहासिक अवसर होगा। विपक्ष की आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोग अव्यवस्था पैदा करके संसद पर नियंत्रण करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसद के समय का उपयोग भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और सम्मान बढाने के लिए किया जाना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि विश्व मंच पर देश को आज जो दुर्लभ अवसर मिले हैं, हमें उनका लाभ उठाना चाहिए।

....................

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कुछ वर्गों के इन आरोपों का खंडन किया है कि संविधान खतरे में है, उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को संकीर्ण राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। कल संविधान दिवस से पहले आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष साक्षात्कार में श्री बिरला ने कहा कि संविधान देश के लोगों से संबंधित है और समाज के प्रत्येक वर्ग का इस पर भरोसा है।

....................

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर हमें संविधान सभा में हुई चर्चा और विचार विमर्श से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। श्री बिरला का पूरा साक्षात्कार आज शाम सात बजकर 10 मिनट पर आकाशवाणी के एफ एम गोल्ड चैनल पर सुना जा सकता है।

000

प्रदेश में 75वां संविधान दिवस कल समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। इस उपलक्ष में जयपुर में संविधान क्लब से अंबेडकर सर्किल तक पदयात्रा निकाली जाएगी। साथ ही कार्यक्रम में सेना, राजस्थान पुलिस, आरएसी और निजी स्कूलों द्वारा बैंडवादन की प्रस्तुति दी जाएगी। पर्यटन विभाग के सहयोग से पदयात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा के दौरान जगह–जगह सेल्फी बूथ लगाये जाएंगे। प्रदेश के सभी जिलों में भी इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने संविधान दिवस पर प्रदेशवासियों से अधिकारों के प्रति जागरूक रहते हुए कर्तव्यों के लिये प्रतिबद्ध होने का आव्हान किया है। श्री बागडे ने कल मनाये जाने वाले संविधान दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संविधान का मूल भाव मानवता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान विश्वभर के लोकतंत्रों की सर्वश्रेष्ठ व्याख्या है।

000

संविधान दिवस के सिलसिले में आज नई दिल्ली में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पदयात्रा आयोजित की गई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों, ओलंपिक एथलीट्स और युवाओं सहित सभी प्रतिभागियों ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी ली। पदयात्रा में युवाओं के बीच संवैधानिक मूल्यों की समझ को गहरा करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षिक प्रदर्शिनियां और संवाद सत्र भी आयोजित किए गए।
पद यात्रा के बाद मीडिया से बातचीत में केन्द्रीय युवा कार्यकम और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा कि युवाओं में दिख रहे उत्साह से पता चलता है कि भारत वर्ष 2047 तक विकसित भारत बन जाएगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि चिकित्सा सेवा का क्षेत्र है तथा सेवा मन को शांति देती है। श्री शर्मा आज जयपुर के एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा और स्वास्थ्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस वर्ष के बजट में 27 हजार 660 करोड़ रुपये यानि बजट का करीब सवा 8 प्रतिशत हिस्सा केवल चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र को समर्पित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन के माध्यम से प्रत्येक नागरिक का स्वास्थ्य रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत चिकित्सकीय बुनियादी ढ़ाचे को बेहतर बना रही है, जिसमें हैल्थ सेक्टर में 3 वर्ष में 15 हजार करोड़ रूपये के कार्य करवाये जायेगें। श्री शर्मा ने कहा की आगामी 9 से 11 दिसम्बर में आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत चिकित्सा और स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में निवेश लाया जा रहा है। इस समिट के लिए अभी तक 25 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हो चुके हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मेडिकल की विभिन्न डिग्रियों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर भी उपस्थित रहे।

000

जयपुर के बजाज नगर निवासी एक व्यक्ति में जीका वायरस की पुष्टि को देखते हुए चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने प्रोएक्टिव एप्रोच के साथ प्रभावी रोकथाम और नियंत्रण के निर्देश दिए हैं।इस व्यक्ति की हीमोफैगोसाइटोसिस लिम्फो हिस्टोसाइटोसिक (एचएलएच) के साथ उच्च रक्तचाप और हेपेटाइटिस के कारण मौत हुई थी साथ ही रोगी में जीका वायरस की भी पुष्टि हुई। जनस्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि निदेशालय स्तर से सीएमएचओ जयपुर प्रथम को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार जीका रोकथाम, नियंत्रण और निगरानी, आईईसी, लार्वा रोधी गतिविधियां—फोगिंग, फोकल स्प्रे करने, नगर निगम द्वारा मच्छर रोधी अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मरीज के सम्पर्क में आये लोगों में वायरस संक्रमण की जांच करवाने के भी निर्देश दिए गए हैं। डॉ. माथुर ने बताया कि जीका संदिग्ध मामलों की पहचान के लिए घर—घर सर्वेक्षण के साथ—साथ ओपीडी में आने वाले संदिग्ध मामलों पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि रविवार को जयपुर के बजाज नगर निवासी 66 वर्षीय एक पुरुष मरीज की दुर्लभ बीमारी एचएलएच से मृत्यु हुई है।

000

ब्यावर जिले में सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की आंखों की मुफ्त जांच कराई जायेगी। इसके लिये जिला प्रशासन की ओर से ब्यावर दृष्टि कार्यक्रम शुरू किया गया है। ज़िला कलेक्टर महेन्द्र सिंह खड़गावत ने आज इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों की आंखों की मुफ्त जांच के दौरान कमजोर दृष्टि वाले छात्रों को चिन्हित कर उनका इलाज करवाया जायेगा।

000

भरतपुर–जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 21 पर आज एक दुर्घटना में 5 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये। ये हादसा उस वक्त हुआ जब पुलिस की जीप दोपहिया वाहन पर जा रही महिला को बचाने के प्रयास में पलट गई। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत मदद की और घायल पुलिसकर्मियों को एम्बुलेंस के जरिए आरबीएम जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा सहित अन्य अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे और घायलों की कुशलक्षेम पूछी।

000

प्रदेश में कई स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी हुई है। माउंट आबू में रात के तापमान में करीब डेढ डिग्री सैल्सियस की बढ़ोतरी हुई और ये 6 दशमलव 4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मैदानी इलाकों में सबसे कम तापमान 8 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस सीकर के फतेहपुर में दर्ज किया गया। वहीं दिन के तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है और बाड़मेर में अधिकतम तापमान फिर से 31 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आगामी 2–3 दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है।

000

अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर आज जागरूकता कार्यक्रम हो रहे हैं। इस मौके पर आज केकड़ी में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ताओं ने महिला हिंसा के विभिन्न पहलुओं, कारणों और सुरक्षा उपायों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिला उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

000

भारत अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में आज क्षेत्रीय फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है। आकाशवाणी से बातचीत में कन्नड़ फिल्म केरेबेटे के अभिनेता और निर्माता गौरी शंकर एसआरजी ने क्षेत्रीय सिनेमा का जिक्र करते हुए कहा कि यह क्षेत्रीय संस्कृति की गहराइयों को प्रदर्शित करती है। भारतीय पैनोरमा की एक अन्य फीचर फिल्म और एनिमेटेड प्रोडक्शन महावतार नरसिम्हा के निर्देशक अश्विन कुमार ने अपनी फिल्म के चयन के लिए आभार व्यक्त किया। महोत्सव में आज लगभग 75 फिल्में दिखाई जा रही हैं।

000

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग, हिन्दी और अंग्रेजी में अपने साप्ताहिक फोन–इन कार्यक्रम "पब्लिक स्पीक" में, आज रात साढ़े नौ बजे "डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र" विषय पर परिचर्चा प्रसारित करेगा। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव ध्रुबज्योति सेनगुप्ता, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर विश्वेश्वरन तथा इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के मुख्य महाप्रबंधक और मुख्य विक्रय विपणन अधिकारी गुरुशरण राय बंसल इसमें भाग लेंगे।
कार्यक्रम के दौरान श्रोता डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के महत्व, पात्रता और अन्य पहलुओं के संबंध में विशेषज्ञों से टेलीफोन नंबर 011 – 23421050 और 011 – 23314444 पर प्रश्न पूछ सकते हैं।

000